# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.10.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, न्यायाधीश, भारत कनेक्ट, तेजस टुडे, यूनाइटेड भारत,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

अमर उजाला –दि0 28.10.2025

## छात्रों ने ट्रांसपोर्ट नगर का किया भ्रमण

वाराणसी। बीएचयू आईआईटी के छात्रों ने वीडीए अधिकारियों के साथ ट्रांसपोर्ट नगर योजना का भ्रमण किया। यहां के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एमटेक एवं पीएचडी छात्रों ने परियोजना स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का नेतृत्व प्रो. एसके मंडल ने किया। उन्होंने छात्रों को परियोजना की डिजाइन से लेकर जमीनी क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया के बारे में बताया। छात्रों ने प्राधिकरण के इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को देखकर गहरी रुचि व्यक्त की। छात्रों को बताया गया कि वीडीए की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर योजना का निर्माण कार्य चल रहा है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण –दि0 28.10.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर होगा आधुनिक सुविधाओं का हब

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मोहनसराय में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर योजना को देखने सोमवार को आइआइटी बीएचयू और वाराणसी विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम पहुंची। टीम ने जलापूर्ति, दो फ्रेश वाटर ओवरहेड टैंक और एक ट्रीटेड वाटर ओवरहेड टैंक के निर्माण कार्य को देखा। प्रस्तावित ड्राइंग के अनुसार काम और गुणवत्ता को भी देखा जिससे योजना में कमी नहीं रहे। साथ ही एचडीपीई पाइपलाइन के माध्यम से वाटर लाइन, ओवरहेड टैंक, राइजिंग मेन और वाटर सप्लाई लाइन का निर्माण कार्य पर ज्यादा फोकस रहा। कार्यदायी संस्था को डिजाइन से अलग निर्माण कार्य नहीं करने को कहा। उद्देश्य है कि आधुनिक नगरीय सुविधाओं का सृजन कर एक सुव्यवस्थित ट्रांसपोर्ट हब का विकास करना है।

वीडीए सचिव डा. वीपी मिश्रा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना शुरू करने से पहले आइआइटी बीएचयू से सुझाव लिया गया था। योजना की मानीटरिंग करने और गुणवत्ता में कोई नहीं रहे, इसको देखते हुए वीडीए ने आइआइटी बीएचयू से एमओयू किया है। वाटर ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन का काम चल रहा है। वीडीए के ड्रीम प्रोजेक्ट में कोई कमी नहीं रहे, इसको देखते हुए समय-समय पर मानीटरिंग की जा रही है। टीम का नेतृत्व प्रो. एसके मंडल कर रहे थे। आइआइटी बीएचयू के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एमटेक व पीएचडी. छात्रों ने भी परियोजना स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया गया।टीम में वीडीए के अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, सहायक अभियंता संजय गुप्ता, सहायक अभियंता लाला सतीश सुमन, उप परियोजना प्रबंधक एलबी. दुबे और संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



ट्रांसपोर्ट नगर योजना के डिजाइन को देखते वीडीए सचिव डा. वीपी मिश्रा और आइआइटी बीएचयू के प्रो एसके मंडल (दाहिने से)

- आइआइटी बीएचयू और वीडीए की संयुक्त टीम ने निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टर नगर योजना को देखा
- टीम का प्रस्तावित ड्राइंग व गुणवत्ता पर जोर, कार्यदायी संस्था को डिजाइन के अनुसार करने को कहा

## आज –दि0 28.10.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर पर आईआईटी के छात्रों ने किया मंथन

विकास प्राधिकरण बीएचयू आईआईटी के छात्रों को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर योजना का स्थालीय भ्रमण किया। जिसमें दो फ्रेश वाटर ओवर हेड टैंक, एक ट्रीटेड वाटर का निर्माण किया जा रहा है। जहां एचडीपीई पाइप लाइन के माध्यम से वाटर लाइन, ओवर हेड टैक, राइजिंग मेन और वाटर सप्लाई लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पार्किंग एवं रिटेनिंग वार का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में आधुनिक नगरणीय सुविधाओं का श्रीजन कर सुव्यवस्थित ट्रांसपोर्ट हब बनाना है। इस अवसर पर बीएचयू के सिविल इंजीनियर विभाग के एमटेक और पीएचडी कर रहे छात्रों ने परियोजना स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां उन्हें आवश्यक जानकारी दी गयी। सिविल आईआईटी के प्रोफेसर एस.के.मंडल ने छात्रों को परियोजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जिसमें कि इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में जमीनी जानकारी दी गयी। जिससे कि छात्रों ने कई आवश्यक कार्यों पर भी जानकारी ली। मौके पर विप्रा के सचिव वेद प्रकाश मिश्र, अधीक्षक अभियंता अजय पवार, सहायक अभियंता संजय गुप्त, सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल लाला सतीश सुमन, उप परियोजना प्रबंधक एलबी दूबे सहित अन्य कर्मचारी और छात्र मौजूद थे।

## भारत कनेक्ट –दि0 28.10.2025

# बीचयू आईआईटी के छात्रों द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थल का भ्रमण

**भारत कनेक्ट संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं` वर्तमान में परिसर में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दो फ्रेश वाटर ओवरहेड टैंक तथा एक ट्रीटेड वाटर ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य किया जा रहा है` इसके साथ ही एच.डी.पी.ई.पाइपलाइन के माध्यम से वॉटर लाइन,ओवरहेड टैंक,राइजिंग मेन एवं वॉटर सप्लाई लाइन का निर्माण कार्य भी निरंतर गतिमान हैं` इसके अतिरिक्त योजना में पार्किंग एवं रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है` उक्त परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में



आधुनिक नगरीय सुविधाओं का सृजन कर एक सुव्यवस्थित ट्रांसपोर्ट हब का विकास करना है। इसी क्रम में आई.आई.टी.(बी.एच.यू.) वाराणसी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एम.टेक एवं पी.एच.डी. छात्रों द्वारा परियोजना स्थल का शैक्षणिक भ्रमण (फील्ड विजिट) किया गया` भ्रमण का नेतृत्व प्रो० एस.के.मंडल (सिविल विभाग,आई.आई.टी.बी.एच.यू.) द्वारा किया गया` प्रो.मंडल ने छात्रों को परियोजना की डिजाइन से लेकर जमीनी क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण प्रदान किया` छात्रों ने प्राधिकरण द्वारा संचालित इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को देखकर गहरी रुचि व्यक्त की तथा इंजीनियरिंग कार्यों की जमीनी समझ हासिल की । मौके पर प्राधिकरण के सचिव डॉ.वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पंवार,सहायक अभियंता संजय गुप्ता,सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) लाला सतीश सुमन तथा उप परियोजना प्रबंधक एल.बी.दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।

## न्यायाधीश –दि0 28.10.2025

# बी.एच.यू. आई.आई.टी. के छात्रों द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थल का भ्रमण



वाराणसी |वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। वर्तमान में परिसर में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु दो फ्रेश वाटर ओवरहेड टैंकड तथा डएक ट्रीटेड वाटर ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही डएच.डी.पी.ई. पाइपलाइनड के माध्यम से डवॉटर लाइन, ओवरहेड टैंक, राइजिंग मेन एवं वॉटर सप्लाई लाइनड का निर्माण कार्य भी निरंतर गतिमान है।इसके अतिरिक्त योजना में डपार्किंग एवं रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उक्त परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में आधुनिक नगरीय सुविधाओं का सृजन कर एक सुव्यवस्थित ट्रांसपोर्ट हब का विकास करना है।इसी क्रम में आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) वाराणसी के डसिविल इंजीनियरिंग विभाग के एम.टेक एवं पी.एच.डी.ड छात्रों द्वारा परियोजना स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। भ्रमण का नेतृत्व डप्रो0 एस.के. मंडल (सिविल विभाग, आई.आई.टी. बी.एच.यू.)ड द्वारा किया गया। प्रो. मंडल ने छात्रों को परियोजना की डिज़ाइन से लेकर जमीनी क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण प्रदान किया।छात्रों ने प्राधिकरण द्वारा संचालित इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को देखकर गहरी रुचि व्यक्त की तथा इंजीनियरिंग कार्यों की जमीनी समझ हासिल की। मौके पर प्राधिकरण के सचिव डडॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, सहायक अभियंता संजय गुप्ता, सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) लाला सतीश सुमन, तथा उप परियोजना प्रबंधक एल.बी. दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## तेजस टूडे ब्यूरो–दि0 28.10.2025

# बीएचयू के छात्रों ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थल का किया भ्रमण

**भ्रमण**



तेजस टूडे ब्यूरो
जितेन्द्र सिंह चौधरी/अतुल राय

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण वाराणसी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं। वर्तमान में परिसर में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दो फ्रेश वाटर ओवरहेड टैंक तथा एक ट्रीटेड वाटर ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही एच.डी.पी.ई. पाइपलाइन के माध्यम से वॉटर लाइन, ओवरहेड टैंक, राइजिंग मेन एवं वॉटर सप्लाई लाइन का निर्माण कार्य भी निरंतर गतिमान है। इसके अतिरिक्त योजना में पार्किंग एवं रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उक्त परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में आधुनिक नगरीय सुविधाओं का सृजन कर एक सुव्यवस्थित ट्रांसपोर्ट हब का विकास करना है। इसी क्रम में आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) वाराणसी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एम.टेक एवं पी.एच.डी. छात्रों द्वारा परियोजना स्थल का शैक्षणिक भ्रमण (ऋ'श्र२३) किया गया। भ्रमण का नेतृत्व प्रो० एस.के. मंडल (सिविल विभाग आई.आई.टी. बी.एच.यू.) द्वारा किया गया। प्रो. मंडल ने छात्रों को परियोजना की डिजाइन से लेकर जमीनी क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण प्रदान किया। छात्रों ने प्राधिकरण द्वारा संचालित इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को देखकर गहरी रुचि व्यक्त की तथा इंजीनियरिंग कार्यों की जमीनी समझ हासिल किया। इस अवसर पर पर प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, सहायक अभियंता संजय गुप्ता, सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) लाला सतीश सुमन, उप परियोजना प्रबंधक एल.बी. दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## यूनाइटेड भारत –दि0 28.10.2025

# बीएचयू छात्रों द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थल का भ्रमण

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं। वर्तमान में परिसर में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 'दो फ्रेश वाटर ओवरहेड टैंक' तथा 'एक ट्रीटेड वाटर ओवरहेड टैंक' का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही 'एच.डी.पी.ई. पाइपलाइन' के माध्यम से 'वॉटर लाइन, ओवरहेड टैंक, राइजिंग मेन एवं वॉटर सप्लाई लाइन' का निर्माण कार्य भी निरंतर गतिमान है। प्राधिकरण की तरफ से बताया गया कि योजना में 'पार्किंग एवं रिटेनिंग वाल' का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उक्त परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में आधुनिक नगरीय सुविधाओं का सृजन कर एक सुव्यवस्थित ट्रांसपोर्ट हब का विकास करना है।आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) वाराणसी के 'सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एम.टेक एवं पी.एच.डी.' छात्रों द्वारा परियोजना स्थल का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। भ्रमण का नेतृत्व प्रो. एस.के. मंडल (सिविल विभाग, आई.आई.टी. बी.एच.यू.)' द्वारा किया गया। प्रो. मंडल ने छात्रों को परियोजना की डिजाइन से लेकर जमीनी क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण प्रदान किया।छात्रों ने प्राधिकरण द्वारा संचालित इस बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को देखकर गहरी रुचि व्यक्त की तथा इंजीनियरिंग कार्यों की जमीनी समझ हासिल की। मौके पर प्राधिकरण के सचिव 'डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, सहायक अभियंता संजय गुप्ता, सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) लाला सतीश सुमन, तथा उप परियोजना प्रबंधक एल.बी. दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।